# हरियाणा विधान सभा

**बुधवार, 10 मार्च, 2021**

*को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले*

**तारांकित प्रश्न**

---

**रेलवे अंडर ब्रिजों तथा रेलवे ओवर ब्रिजों की स्थिति**

***986. श्रीमती सीमा त्रिखा, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि बड़खल विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में निर्मित किये जा रहे सभी रेलवे अंडर ब्रिजों तथा रेलवे ओवर ब्रिजों की स्थिति क्या है; तथा इनके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

---

**चिकित्सा महाविद्यालय खोलना**

***969. श्री सोमबीर सांगवान, एम०एल०ए० :** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य के प्रत्येक जिले में एक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की सरकार द्वारा घोषणा की गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या चरखी दादरी में एक चिकित्सा महाविद्यालय खोले जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

---

**तहसील की नई इमारत का निर्माण करना**

***769. श्री बलबीर सिंह, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या यह तथ्य है कि इसराना तथा मतलौडा की तहसील की इमारतें जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या इसराना तथा मतलौडा की तहसील की नई इमारतों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त इमारतों का निर्माण कब तक करवाये जाने की संभावना है?

---

**एक महिला महाविद्यालय खोलना**

***928. श्री संजय सिंह, एम०एल०ए० :** क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या सोहना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में एक राजकीय महिला महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

---

**उप–मण्डल के भवन का निर्माण**

***1011. श्री हरविन्द्र कल्याण, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या घरौंडा उप–मण्डल के कार्यालय भवन का निर्माण तथा उक्त उप–मण्डल के विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के रहने के लिए आवासीय सुविधाओं का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा उसका ब्यौरा क्या है?

---

**नहर आधारित पीने का पानी उपलब्ध कराना**

***745. श्री सत्य प्रकाश जरावता, एम०एल०ए० :** क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या पटौदी विधान सभा निवार्चन क्षेत्र के सभी गांवों को जल जीवन मिशन के अधीन नहर आधारित पीने का पानी उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) क्या पटौदी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से कुण्डली मानेसर पलवल से गुजरने वाली मेवात कैनाल से डार्क जोन के रूप में सरकार द्वारा घोषित क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति करने का भी कोई प्रस्ताव सरकार के विचारधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

---

**नए खरीफ चैनलों का निर्माण करना**

***1033. श्री अमित सिहाग, एम०एल०ए० :** क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) 2014 में नई सरकार के गठन के बाद सिरसा जिले में सरकार द्वारा कितने नए खरीफ चैनलों की घोषणा की गई; तथा

(ख) उपरोक्त समय के दौरान सिरसा जिले में सरकार द्वारा कितने नए खरीफ चैनलों का निर्माण किया गया?

---

**कानून की उल्लंघना में विक्रय विलेख की संख्या**

***1051. श्री भारत भूषण बत्तरा, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) राज्य में कोविड अवधि के दौरान 1 फरवरी, 2020 से 31 दिसम्बर, 2020 तक हरियाणा शहरी विकास विनियमन अधिनियम, 1975 के उल्लंघन में पंजीकृत विक्रय विलेखों की संख्या कितनी है; तथा

(ख) कानून की उल्लंघना में राज्य में पंजीकृत किए गए विक्रय विलेखों को रदद् करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाये गये?

---

**किसानों को बकाया राशि का भुगतान करना**

***882. श्रीमती शैली चौधरी, एम०एल०ए० :** क्या सहकारिता मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) वर्ष 2019–20 तथा 2020–21 से नारायणगढ़ गन्ना मील में लंबित गन्ने के भुगतान के लिए बकाया राशि का ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) उक्त बकाया राशि का भुगतान कब तक किए जाने की संभावना है तथा क्या उक्त चीनी मील को इसके नियंत्रण में लेने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

---

**बी०पी०एल० परिवारों को आबंटित मकानों की संख्या**

***909. श्री शीशपाल सिंह केहरवाला, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में वर्ष 2020–21 के दौरान बी०पी०एल० परिवारों को आबंटित किये गये मकानों की संख्या तथा उन परिवारों की संख्या कितनी है जिनके लिए राशि जारी की गई है?

---

**खेल स्टेडियम का निर्माण**

***1038. श्री विनोद भयाना, एम०एल०ए० :** क्या खेल कूद एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या यह तथ्य है कि हांसी शहर में खेल स्टेडियम नहीं है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या हांसी में कोई खेल स्टेडियम का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसे कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

---

**नये जल–घरों का निर्माण करना**

***932. श्री दुड़ा राम, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि फतेहाबाद के सैक्टर–3 में नहर के पानी की आपूर्ति करने के लिए नये जल घरों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

---

**गुरू रविदास मन्दिर का निर्माण करना**

***870. श्री ईश्वर सिंह, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) क्या कुरुक्षेत्र में 5 एकड़ भूमि पर गुरू रविदास मन्दिर के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

---

**फरीदाबाद में वैण्डर (फड़) वितरण घोटाला**

***743. श्री नीरज शर्मा, एम०एल०ए० :** क्या कृषि तथा किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि—

(क) दाबुआ सब्जी मार्केट, फरीदाबाद में पकड़े गए वैण्डर (फड़) वितरण घोटाले में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई; तथा

(ख) वैण्डर वितरण रद्द नहीं किये जाने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

---

**सेम की समस्या का समाधान करना**

***800. श्री इंदुराज नरवाल, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि बरौदा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गांव घडवाल, बनवासा, कोहला, रिढांणा, धनाना, कथूरा तथा छपरा के खेतों में सेम की समस्या है; यदि हां, तो उपरोक्त समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

---

## ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम उद्योग स्थापित करना

***892. श्रीमती निर्मल रानी, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य के ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामोद्योग स्थापित करने में इच्छुक महिला उद्यमियों के लिए सरकार द्वारा कोई नीति बनाई गई है?

---

## नहरों में पानी छोड़ना

***797. श्री मेवा सिंह, एम०एल०ए० :** क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भूमिगत जल को रिचार्ज करने के लिए राक्षी तथा सरस्वती नदियों में पानी छोड़ने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक छोड़े जाने की संभावना है?

---

## सेम की समस्या का समाधान करना

***900. श्री कुलदीप वत्स, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि बादली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के देसलपुर, भूपानीया, शाहपुर, गंगरवा, सुरेठी, जगरातपुर, खुदन, छापर, मुंडा खेड़ा, सीलाना तथा सुबाना गांवों में बरसात के मौसम में सेम की समस्या होती है; यदि हां, तो उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

---

## कोटला झील को विकसित करना

***757. श्री आफताब अहमद, एम०एल०ए० :** क्या पर्यटन मंत्री कृपया बताएंगे कि जिला नूंह, मेवात के गांव अन्केडा में स्थित कोटला झील को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा अब तक क्या प्रगति की गई तथा उक्त झील के कब तक विकसित किए जाने की संभावना है?

---

## सिविलियन राइफल प्रशिक्षण योजना पर खर्च की गई कुल राशि

***806. श्री सुरेन्द्र पंवार, एम०एल०ए० :** क्या गृहमंत्री कृपया बताएंगे कि महानिदेशक हरियाणा, होमगार्ड द्वारा वर्ष 2019–2020 के दौरान सिविलियन राइफल प्रशिक्षण योजना पर राज्य सलाहाकार समिति की स्वीकृति के बिना, जो कि नियमानुसार आवश्यक थी, कुल कितनी राशि खर्च की गई तथा महालेखाकार, हरियाणा द्वारा उक्त व्यय पर कितनी बार ऑडिट किया गया है?

---

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।

चण्डीगढ़ :
दिनांक 2 मार्च, 2021.

58106—H.V.S.—H.G.P., Chd.